### बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर की नारेबाजी

# मंदिर के सामने शराब दुकान पर भड़का आक्रोश, चकाजाम प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर के अति व्यस्ततम क्षेत्रों में से एक घंटाघर स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के सामने संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### मुर्दाबाद के लगाये नारे

बजरंग दल का कहना है कि हनुमान मंदिर एक प्रमुख आस्था का केंद्र है और इसके ठीक सामने शराब की दुकान का होना श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करता है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग राजस्व के लालच में धार्मिक स्थलों की मर्यादा को ताक पर रख रहा है। प्रदर्शन के दौरान आबकारी विभाग मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए।

### मांगों पर नहीं दे रहे ध्यान

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे इस शराब दुकान को स्थानांतरित करने के लिए लंबे समय से ज्ञापन और शिकायतों के माध्यम से मांग कर रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक ठेका यहाँ से नहीं हट जाता, उनका आंदोलन और तेज होगा।

कलेक्ट्रेट पर हंगामे और चक्काजाम की सूचना मिलते ही माधव नगर पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। पुलिस की मुस्तैदी के कारण कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई, हालांकि चक्काजाम के कारण कुछ देर तक वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### तो करेंगे और उग्र आंदोलन

बजरंग दल की स्पष्ट मांग है कि घंटाघर जैसे संवेदनशील और धार्मिक महत्व वाले क्षेत्र से शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगामी दिनों में और भी उग्र प्रदर्शन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी, हत्या की आशंका

**कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत बसाड़ी ग्राम में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। युवक के शरीर पर चोट के निशान मिलने के कारण परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार घटना के पीछे अवैध पैकारी के पास हुई मारपीट को मुख्य कारण माना जा रहा है। चर्चा है कि युवक के साथ वहां मौजूद कुछ लोगों का विवाद हुआ था, जिसके बाद उसकी जान चली गई। इस संबंध में अभी तक पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस की टीम दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्रित किए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास करते हुए समझाने की कोशिश की है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### गंदगी एवं निर्माण सामग्री फैलाने पर 4400 का जुर्माना

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु निगम प्रशासन द्वारा जहां एक और बेहतर सफाई व्यवस्था के प्रयास किये जा रहे है वहीं दूसरी ओर स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की जा रही है। इस संबंध में स्वास्थ्य शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार शाम चलाए गए अभियान के तहत खिरहनी ओवर ब्रिज से दुर्गा चौक तक क्षेत्र क्रमांक 3 4 5 एवं 7 में चलाए गए अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों में गंदगी एवं निर्माण सामग्री पाए जाने पर 4 हजार 400 रुपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई। इस दौरान तेजभान सिंह, एसआई दीपक मलिक, तीरथ प्रसाद सुशांत सिंह परिहार सहित वार्ड दरोगा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 50 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख

**कटनी।** कैमोर थाना क्षेत्र के ग्राम कलहरा में एक व्यक्ति की लापरवाही से कई एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गई। नरबाई में लगाई गई आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 50 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल को जलाकर खाक कर दिया। जानकारी के अनुसार कलहरा खेरदाई हार में प्रेम कुमार गर्ग ने अपने खेत में नरबाई की सफाई के उद्देश्य से आग लगाई थी। गर्मी और तेज हवा के कारण आग बेकाबू हो गई और पड़ोसी खेतों में फैल गई। जब तक ग्रामीण और दमकल की गाड़ियाँ मौके पर पहुँचती, तब तक लपटों ने एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया था। इस अग्निकांड में कई किसानों की तैयार गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और स्थिति का जायजा लिया। फरियादी उस्मान खान पिता गुलशेर खान निवासी गुड़गड़ौहा की शिकायत पर पुलिस ने प्रेम कुमार गर्ग के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### जेवरात एवं नकदी पार

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत चंडिका नगर में रहने वाले शुभम अग्रवाल के घर को चोरों ने निशाना बनाया। 10 अप्रैल को जब घर सूना था। चोरों ने मौका पाकर घर में प्रवेश किया और अलमारी में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात सहित नगदी लेकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# पेयजल के लिए भटकने को मजबूर हैं वन्यप्राणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा रेंज के अंतर्गत पठरा से मझगवां NH 43 राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुख्य मार्ग वन्य प्राणियों के पीने के पानी के लिए हौज में पानी भरवाकर रखा जाता था किंतु विगत वर्षों से वन विभाग के अधिकारियों के वन्य प्राणियों के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैया व कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगने शुरू हो गए हैं। अधिकारियों का रटा रटाया जबाब रहता है सरकार वन्य प्राणियों के पेयजल के वास्ते कोई वजट ही नही देती तो हम कहां से किस मद से वन्य प्राणियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करवाएं।जब मुख्य मार्ग की यह स्थिति है तो जंगल के भीतर वन्य प्राणियों का जीवन पानी के अभाव में किस कदर संकट ग्रस्त होगा इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है।

सरकार की घोषणाएं कागजों तक सीमितसूबे की सरकार के द्वारा वन्य प्राणियों के जीवन को सुरक्षित रखने के लिए भारी भरकम वजट दिया जाता है इसके बावजूद भी वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा वन्य प्राणियों के लिए उनकी सुरक्षा व पेयजल की व्यवस्था नही किया जाना शासन की मंशा पर ही सवाल खड़ा कर रहा है।

इस विषय पर बड़वारा कुंडम प्रोजेक्ट के रेंजर जुनैद हुसैन का साफ कहना है कि सरकार के द्वारा वन्य पर प्राणियों के पेयजल के लिए किसी भी प्रकार का बजट उपलब्ध नही करवाया जा रहा है इस लिए वन्य प्राणियों के लिए पेयजल के माकूल इन्तजाम नही कर पा रहे हैं।

### इनका कहना है

इस संबंध में डीएफओ गर्वित गंगवार का कहना है कि मैं दिखवाता हूँ आपने ज्वलन्त समस्या बताई है कुंडम प्रोजेक्ट के रेंजर को बोलकर जांच करवाते हैं।

### बदमाशों ने मोटर साइकिल किया पार

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम डुंगरिया निवासी दीपक कोल ने पुलिस को बताया कि बीती 15 अप्रैल की रात करीब 7 से 8 बजे के बीच उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 ZA 4149 को बहोरीबंद तिराहे के पास खड़ा किया था। जब वे वापस लौटे तो वाहन वहां से गायब था। काफी तलाश के बाद भी जब बाइक का पता नहीं चला। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### संयुक्त टीम ने कटनी जंक्शन का किया औचक निरीक्षण



नगर के कटनी जंक्शन पर अधिकारियों की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया जिसमें प्लेटफॉर्म और फूड प्लाजा में भारी मात्रा में अनअप्रूव्ड (अमानक) खाद्य और पेय पदार्थ बरामद किए गए। अधिकारियों की टीम ने स्टेशन स्थित फूड प्लाजा के निरीक्षण के दौरान वहां ऐसी आइसक्रीम बेची जा रही थी, जो रेलवे द्वारा अधिकृत या अप्रूव्ड नहीं थी। प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर स्थित स्टॉल की सघन जांच में अमानक कोल्ड ड्रिंक्स के स्टॉक मिले। नियमों के विरुद्ध बेचे जा रहे इन पेय पदार्थों को तत्काल संज्ञान में लिया गया। जांच दल ने नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त रुख अपनाया। अधिकारियों ने न केवल अमानक सामग्री को जब्त किया, बल्कि खराब और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट करवा दिया। संबंधित स्टॉल संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई है कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही पाए जाने पर भारी जुर्माना और लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में मुख्य रूप से एच.के. शुक्ला (मुख्य वाणिज्य निरीक्षक) घनश्याम धुर्वे स्टेशन प्रबंधन वाणिज्य) बलवेंद्र प्रताप सिंह (CHI - मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक) शामिल रहे।

# अनियंत्रित बस के पलटने से आधा दर्जन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मजदूरी कर अपने घर लौट रहे श्रमिक हादसे का शिकार हो गये। हादसे में घायल श्रमिक कटनी और रैपुरा लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार दमोह जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र के बम्हनी गांव के पास एक यात्री बस मवेशियों को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में करीब आधा दर्जन यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकांश कटनी जिले के निवासी बताए जा रहे हैं।

### कटनी आ रहे थे मजदूर

जानकारी के अनुसार बस क्रमांक MP 15 CA 6377 इंदौर से चलकर कटनी की ओर आ रही थी। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे जब बस कुम्हारी के पास पहुंची तभी सड़क पर अचानक मवेशी आ गए। उन्हें बचाने के प्रयास में चालक ने बस को तेजी से काटा, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। बस में 12 यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि ये सभी मजदूर वर्ग के लोग हैं जो भोपाल में काम खत्म कर अपने घर कटनी और पास के रैपुरा क्षेत्र वापस लौट रहे थे। बस की रफ्तार कम होने की वजह से एक बड़ी जनहानि टल गई, हालांकि बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

बस पलटने से जो घायल हुये हैं उनमें बुद्ध सिंह, श्याम बाई, शिवांगी, मनीष, उमा अहिरवार, नंदिनी बंसल, वंदना, देशरानी, सुरेंद्र, कल्लो बाई, संतोष और अशोक बंसल शामिल हैं। इन सभी को कुम्हारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत सामान्य बताई गई है। मजदूरों के परिजनों तक हादसे की खबर पहुँचने पर हड़कंप की स्थिति रही।

### बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला प्रशासन मुस्तैद

**कटनी।** जिले में अक्षय तृतीया पर्व एवं अन्य विवाह मुहूर्तों पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक सशक्त, समन्वित और बहुस्तरीय व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए विकासखंड स्तर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय बाल विवाह रोकथाम दल गठित किया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बाल विवाह निगरानी समितियां और कोर ग्रुप बाल विवाह संबंधी गतिविधियों पर सख्त नजर रखें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है। समाज में इस कुप्रथा का स्वरूप बहुत ही भयावह है। कलेक्टर ने बाल विवाह रोकने के लिए समाज से भी आगे आने की अपील की है।

# लापरवाही पड़ गई महंगी, जिपं सीईओ ने उपयंत्री को किया कार्यमुक्त, मानदेय आधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**लक्ष्यों को पूरा करने में नहीं दिखाई रूचि, नोटिस का जवाब नहीं**

'जल गंगा संवर्धन अभियान' और 'मनरेगा' जैसे महत्वपूर्ण शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। सुश्री कौर ने जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में पदस्थ उपयंत्री पंचम लाल रैदास को उनके वर्तमान दायित्वों से पृथक कर जनपद पंचायत कटनी में अटैच कर दिया है।

उपयंत्री श्री रैदास को शासकीय कार्यों से विरत करते हुए जनपद पंचायत कटनी संलग्न किया गया। अनुशासनहीनता के चलते उनके मासिक पारिश्रमिक में 50% की कटौती करने के आदेश जारी किए गए हैं। उनके कार्यक्षेत्र (सेक्टर गैरतलाई) का अतिरिक्त प्रभार विजयराघवगढ़ में पदस्थ उपयंत्री के.एल. पटेल को सौंपा गया है।

### दायत्वि निर्वहन में कोताही

मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद विजयराघवगढ़) से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार, श्री रैदास द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत लेबर बजट, श्रमिक नियोजन और आधार ई-केवाईसी जैसे लक्ष्यों को पूरा करने में कोई रुचि नहीं ली जा रही थी। साथ ही, वर्तमान में संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान 2026' के कार्यों में भी उनकी ओर से भारी उदासीनता देखी गई।

विभागीय जानकारी के अनुसार, उपयंत्री को पूर्व में दो बार 'कारण बताओ नोटिस' जारी किए गए थे, जिनका उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसे वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना और स्वेच्छाचारिता मानते हुए, म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद की नवीन सेवा शर्तों के तहत यह कड़ी कार्रवाई की गई है।

जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन यंत्री को इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर समय सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन शुरू

**कटनी।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू हो चुकी है। इसके लिए सभी खरीदी केन्द्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने समूची खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से संचालित करने की हिदायत दी है ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि गुरूवार को उपार्जन केन्द्र विलायतकलाला में 19 क्विंटल एवं स्लीमनाबाद में 54.5 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की गई। जिले के 5 हजार 416 कृषकों द्वारा अपनी उपज के विक्रय हेतु अब तक स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। खरीदी केन्द्र प्रभारी को आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

# किशोरी का अपहरण कर मांगी फिरौती, पुलिस सक्रिय हुई तो हाईवे में नाबालिग को छोड़ हुए फरार

**परिजनों द्वारा नामजद शिकायत के बाद पुलिस मामले की कर रही जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत केलवारा खुर्द में भागवत कथा सुनने गई 16 वर्षीय नाबालिग लड़की का कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया। आरोपियों ने परिजनों को फोन कर फिरौती की मांग भी की लेकिन पुलिस की तत्परता और घेराबंदी के दबाव में आरोपी बच्ची को हाईवे पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार किशोरी शाम करीब 6 बजे भागवत कथा सुनने के लिए घर से निकली थी। जब वह देर रात तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी जब सुराग नहीं मिला।

गुरुवार सुबह करीब 11 बजे परिजन कोतवाली थाना पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में मोड़ तब आया जब परिजनों के पास एक अज्ञात नंबर से बच्ची के एवज में 20 हजार रुपये की फिरौती की मांग की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि आकाश बर्मन अपने साथियों के साथ मिलकर बच्ची को बहला-फुसलाकर ले गया और बाद में फिरौती के लिए दबाव बनाया।

शिकायत मिलते ही कोतवाली पुलिस हरकत में आई और संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू किया। पुलिस की बढ़ती सक्रियता और घेराबंदी को देखते हुए आरोपी घबरा गए और उन्होंने नाबालिग को हाईवे पर ही अकेला छोड़ दिया।

पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्ची को अपनी सुरक्षा में लिया और कागजी कार्रवाई के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। अपहरण और फिरौती के इस मामले में अन्य पहलुओं की भी बारीकी से जांच की जा रही है ताकि घटना के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

### साइबर जालसाजों ने खाते से निकाले एक लाख 65 हजार 905 रूपये

**कटनी।** साइबर ठगी से बचने के लिये तमाम तरह के जागरूकता कार्यक्रमों के बाद भी लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। साइबर जालसाज नित नये तरीके से बरगलाकर लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं। नया मामला बाकल थाना क्षेत्र से सामने आया है जहाँ एक अज्ञात जालसाज ने फरियादी के बैंक खाते में सेंध लगाकर 1,65,905 की मोटी रकम उड़ा दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चादनखेड़ा निवासी अजय कुमार तिवारी 41 वर्ष का खाता सेन्ट्रल बैंक और इण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक में है। बीती 28 मार्च को अज्ञात ठगों ने धोखाधड़ी का जाल बिछाया और सुबह 11:00 बजे से शाम 6:00 बजे के बीच उनके खाते से किस्तों में कुल 1,65,905 रुपये निकाल लिए। जब तक पीड़ित को इस हेराफेरी का अहसास हुआ, तब तक बैंक बैलेंस खाली हो चुका था। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस की आरोपियों की तलाश में जुट गई है।



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब पिलाते चार आरोपित गिरफ्तार

**कटनी।** निवार चौकी पुलिस ने ग्राम घुघरा में दबिश देकर अवैध रूप से शराब पिलाने और बेचने वाले चार आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा है। निवार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अंजनी मिश्रा को सूचना मिली थी कि ग्राम घुघरा में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से शराब का अड्डा संचालित किया जा रहा है, जहाँ लोगों को शराब पिलाई जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया और थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की। मौके पर कार्यवाही के दौरान पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया। आरोपियों की पहचान नरेश बर्मन 32 वर्ष, रामकेश बर्मन 59 वर्ष निवासी ग्राम घुघरा, शकुन शर्मा 52 वर्ष निवासी जरवाही और रतन आदिवासी 37 वर्ष निवासी ठरका के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की है। कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अंजनी मिश्रा, प्रधान आरक्षक गौरव सेन और आरक्षक वकील यादव की भूमिका रही।

### जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का सत्यापन

**कटनी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के पश्चात कलेक्टंर आशीष तिवारी ने जिला कोषालय के स्ट्रॉन्ग रूम का विधिवत भौतिक सत्यापन किया।निरीक्षण के दौरान कोषालय की समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। सत्यापन के उपरांत कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला कोषालय की देयक शाखा, खजांची कक्ष सहित समस्त शाखाओं का भी निरीक्षण किया।उन्होंतने कोषालय के अभिलेखों एवं कार्यप्रणाली का सूक्ष्माता से निरीक्षण किया और जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह ठाकुर, सहायक कोषालय अधिकारी जयकुमार बोहत, सहायक कोषालय अधिकारी अभय कुजूर, खजांची करुणेश दुबे, लेखा सहायक भामा शाह सहित अन्य कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बकाया बिल जमा कराने उपभोक्ताओं को किया जा रहा प्रेरित



**बड़वारा।** समाधान योजना में बिजली बिलों में बकाया उपभोक्ताओं को छूट का लाभ देने बिजली विभाग बड़वारा की टीम बकायादार बिजली उपभोक्ताओं के घर घर दस्तक दे रहा है विभाग हर संभव प्रयास कर उपभोक्ताओं को समाधान योजना में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है जिसके अंतर्गत हर ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जा रहे हैं साथ ही शाम को चौपाल का आयोजन भी किया जा रहा हैबड़वारा वितरण केंद्र अंतर्गत योजना में 8264 उपभोक्ता पात्र थे जिसमें 5350 उपभोक्ताओं को समाधान योजना में शामिल कर लाभ प्रदान किया जा रहा है।

## टिकरवारा गांव में आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रति किसानों में बढ़ी जागरूकता

# खेत में उतरकर दिखाई तकनीक की ताकत, इलेक्ट्रिक रीपर से गेहूं कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के ग्राम टिकरवारा में उस समय एक अलग ही दृश्य देखने को मिला, जब कलेक्टर आशीष तिवारी खुद खेतों में पहुंचे और किसानों के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक रीपर मशीन से गेहूं की फसल की कटाई की। यह पहल केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने का एक प्रेरणादायी प्रयास बन गई।

ग्राम टिकरवारा के कृषक मनबोधन पटेल, सुशील पटेल और सुखेंद्र पटेल के खेत में जैसे ही कलेक्टर ने मशीन संभाली, ग्रामीणों की भीड़ उत्सुकता से वहां जुट गई। सभी की निगाहें उस मशीन पर टिक गईं, जो कुछ ही समय में सुनहरी फसल को सलीके से काटती चली जा रही थी।

ग्रामीणों ने न सिर्फ इस मशीन को देखा, बल्कि उसकी संचालन प्रक्रिया को भी समझा। मशीन की तेज आवाज के बीच लहराती फसल का तेजी से कटना हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। खेत के एक कोने में खड़े बुजुर्ग किसान रामलाल ने मुस्कुराते हुए कहा, "पहले इस काम में कई दिन लग जाते थे, अब कुछ घंटों में पूरा हो जाता है।" वहीं युवा किसान इस पूरे दृश्य को अपने मोबाइल में कैद करते नजर आए— मानो यह बदलाव की शुरुआत को संजोने का प्रयास हो। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि आधुनिक कृषि यंत्र अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि उन्नत उपकरणों के उपयोग से न केवल समय और श्रम की बचत होती है, बल्कि उत्पादन लागत भी कम होती है और आय में वृद्धि होती है। उन्होंने इलेक्ट्रिक रीपर का उदाहरण देते हुए समझाया कि कैसे यह मशीन छोटे और मध्यम किसानों के लिए भी लाभकारी साबित हो सकती है।

पटेल भाइयों के चेहरे पर गर्व स्पष्ट झलक रहा था। उनका खेत उस दिन केवल फसल उत्पादन का स्थान नहीं रहा, बल्कि नई सोच और तकनीकी बदलाव का केंद्र बन गया। इस पहल से प्रेरित होकर गांव के अन्य किसान भी आधुनिक कृषि यंत्रों को अपनाने के प्रति उत्साहित दिखाई दिए। टिकरवारा का यह दृश्य यह संदेश दे गया कि जब प्रशासन स्वयं खेतों तक पहुंचकर नवाचार को अपनाने की पहल करता है, तो बदलाव की बयार गांव-गांव तक पहुंचती है और खेती एक नई दिशा की ओर अग्रसर होती है।

### नरवाई प्रबंधन पर किया संवाद

कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम टिकरवारा के किसानों से फसल अवशेषों को जलाने के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुए वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल तरीकों को अपनाने की सलाह दी। कलेक्टर ने बताया कि नरवाई जलाने से भूमि की उर्वरता घटती है तथा पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है। इसके स्थान पर हैप्पी सीडर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम जैसे कृषि यंत्रों के उपयोग से अवशेषों का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। इस दौरान किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और आधुनिक तकनीकों को अपनाने में रुचि दिखाई। कलेक्टर ने किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील की।

## संबल योजना के हजारों आवेदन लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टंर आशीष तिवारी ने जिले के सभी नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों में संबल योजना के अंतर्गत लंबित नवीन पंजीयन एवं अनुग्रह सहायता के आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिये हैं। कटनी जिले के अतंर्गत वर्तमान में 12 हजार 253 आवेदन पंजीयन के एवं 337 अनुग्रह सहायता के आवेदन निकाय स्तर पर निराकरण हेतु लंबित हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत पंजीयन एवं अनुग्रह सहायता संबंधी प्राप्त आवेदनों पर 7 दिन में निराकरण किया जाना प्रावधानित है।

कलेक्टर ने कहा है कि संबल योजना अंतर्गत पंजीयन एवं अनुग्रह सहायता आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया को त्वरित निराकरण की दृष्टि से सुगम रखा गया है। आवेदनों का समयबद्ध निराकरण नहीं होंने के कारण नागरिकों में असंतोष की भावना उतपन्न होती है। जिसके कारण सी. एम. हेल्प लाईन अथवा शिकायत निवारण प्लेटफार्म पर शिकायतों की सँख्या में वृद्धि होती है। संबल योजना के तहत जनपद पंचायत बड़वारा में सर्वाधिक 3 हजार 347 आवेदन लंबित है। जबकि जनपद पंचायत बहोरीबंद में 2 हजार 170, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 775, जनपद पंचायत कटनी में 810, जनपद पंचायत रीठी में 487, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 2 हजार 948 आवेदन लंबित है। इसी प्रकार नगर निगम कटनी में 95, नगर परिषद बरही में 264, नगर परिषद कैमोर में 533, नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 322 आवेदन लंबित है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत

**बड़वारा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। मयंक हल्दकार 94.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित



विषय में 100 मे 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। साथ ही सौम्या नामदेव ने 93.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान पर रही जबकि वैष्णवी विश्वकर्मा ने 92.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन बच्चों ने अपने रिजल्ट का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों तथा सभी स्टाफ को दिये।

*कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने एवं प्रकरणों का निराकरण करने कर्मचारियों को दिये निर्देश*

## सीईओ ने की समीक्षा : मनरेगा, जल जीवन मिशन के कार्यों की जानी प्रगति




हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जनपद पंचायत सभागार में जनपद सीईओ अभिषेक कुमार ने मासिक समीक्षा बैठक में विभिन्न शासकीय कार्यों, निर्माण कार्यों तथा योजनाओं की प्रगति विस्तार से समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान जल गंगा अभियान के तहत विकासखण्ड क्षेत्र में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही मनरेगा के श्रमिकों की केवाईसी अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर शत प्रतिशत करने के भी निर्देश दिए। वहीं जल जीवन मिशन योजना की ग्राम पंचायत वार समीक्षा करते हुए उन्होंने गर्मी में लोगों को योजना के तहत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए पंचायत कर्मियों एवं विभागीय अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने के साथ कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समय पर पूरा करने के लिए सख्त निर्देश दिए।

जनपद सीईओ ने मनरेगा और अन्य शासकीय योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों को शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। वहीं उन्होंने शासकीय कार्य में कम प्रगति से संबंधित पंचायत कर्मियों को कार्यों में लापरवाही न बरतनें और कार्यों की प्रगति रिपोर्ट समय पर देने के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणधीन आवासों को तय समय पर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने पर जोर दिया।

मासिक समीक्षा बैठक में एपीओ मूलचंद पटेल,सहायक यंत्री अरविंद पटेल,पंचायत इंस्पेक्टर मोहन सिंह, उपयंत्री सुशील साहू, नीरज तंतुवाय,पंकज शुक्ला,आर के पटेल,स्वच्छता समन्वय नवीन साहू , पीसीओ श्याम लाल गौटिया, राकेश रजक एवं सभी ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायकों सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिना अनुमति बोरिंग कराने पर दो मशीनें की गई जब्त



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं एसडीओपी के निर्देश तथा थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा के आदेश के पालन में अवैध गतिविधियों पर सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में ग्राम इटौली में बिना अनुमति के बोरिंग किए जाने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बोरिंग मशीनों को जब्त किया ।जानकारी के अनुसार, ट्रक क्रमांक टीएन 28 बीए 8293 के चालक मनी. के. के. एवं ट्रक क्रमांक टीएन 28 बीए 8300 के चालक रघुनाथ तिवारी को बिना वैध अनुमति के बोरिंग करते हुए मौके पर पकड़ा गया। दोनों के खिलाफ धारा 223ए, 3(5) बीएनएस तथा पेयजल अधिनियम 1986 की धारा 6 और 9 के तहत मामला दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई ।इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी अनिल कुमार पाण्डेय की मुख्य भूमिका रही। उनके साथ प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा एवं आरक्षक रामसेवक विश्वकर्मा भी मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति के बोरिंग या अन्य अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## 24.50 लाख से बारात घर निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़



विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत राजरवारा नं. 1 में बारात घर निर्माण का भूमिपूजन किया गया। सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवं विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा 24,50,000 रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। उदयराज सिंह चौहान जनपद उपाध्यक्ष के प्रयास से विधायक की अनुशंसा पर 8,50,000 रुपये की राशि स्वीकृत कराई। जयवंत सिंह चौहान ने सांसद निधि से विधायक एवं जनपद उपाध्यक्ष की अनुशंसा के माध्यम से 16,00,000 रुपये की अतिरिक्त राशि बारात घर निर्माण हेतु आवंटित कराई। इस प्रकार कुल 24.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह बारात घर ग्रामवासियों के लिए विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। बारात घर का निर्माण पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए बाहर महंगे स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलेगा।

जनप्रतिनिधियों ने बताया कि यह भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिसमें हॉल, पानी, बिजली एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए हैं।

इस अवसर पर उदयराज सिंह चौहान, जयवंत सिंह चौहान, इंजीनियर काशी दुबे, रजनीश सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह चौहान, राजेश पंडा, राकेश राठौर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सरपंच जितेंद्र सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बारात घर गांव के सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और उनके संकल्प को साकार करेगा।

*प्रावधानों का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार की जाएगी कार्यवाही*

## विस्फोटक एक्ट का पालन कराने अनुविभाग, तहसील और थानावार विशेष जांच दल गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में विस्फोटक अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा विस्फोकटक अधिनियम व नियमों का पालन सुनिश्चित कराने सभी विस्फोटक अनुज्ञप्तिधारियों की निर्धारित मापदण्डों के अनुसार संस्थानों के भौतिक सत्यापन हेतु अनुविभाग, तहसील और थानावार विशेष जाँच दलों का गठन किया है।

यह जांच दल कलेक्टर के निर्देश पर जिले में विस्फोटक फैक्ट्री , भंडारगृह, मैंगनीज, गैस गोदाम, पेट्रोल पंप एवं अमोनियम नाइट्रेट स्टोर हाउस की जांच करेगा। साथ ही विस्फोपटक अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा विस्फोमटक अधिनियम 1884, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 एवं विस्फोटक नियम 2008 का पालन सुनिश्चित करेगा। निरीक्षण के दौरान अनुज्ञप्तिधारी के द्वारा नियम व अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार विकासखंड कटनी में थाना कोतवाली, कुठला, माधवनगर, रंगनाथ नगर एवं एनकेजे के अंतर्गत जांच हेतु निरीक्षक दल में उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी, आयुक्त नगर पालिक निगम एवं नगर पुलिस अधीक्षक को शामिल किया गया है।

इसी प्रकार थाना रीठी एवं बड़वारा के अंतर्गत उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी एवं डीएसपी हैड क्वार्टर, ब्लाक विजयराघवगढ़ में थाना विजयराघवगढ़, बरही और कैमोर के लिए उपखंड मजिस्ट्रे ट विजयराघवगढ़, एसडीओपी और मुख्यं नगर पालिका अधिकारी को भौतिक सत्यारपन की जिम्मेंदारी दी गई है। जबकि अनुभाग ढीमरखेड़ा के अंतर्गत थाना उमरियापान और ढीमरखेड़ा में उपखण्ड मजिस्ट्रेट ढीमरखेड़ा, एसडीओपी स्लीमनाबाद तथा विकासखंड बहोरीबंद में थाना स्ली्मनाबाद, बहोरीबंद और बाकल के अंतर्गत उपखण्ड मजिस्ट्रेट बहोरीबंद और एसडीओपी स्लीमनाबाद जांच करेंगे।

तहसील कटनी में थाना थाना कोतवाली, कुठला, माधवनगर, रंगनाथ नगर एवं एनकेजे के अंतर्गत जांच हेतु तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कटनी, सभी थाना प्रभारी और उपायुक्त नगर निगम को जिम्मेदारी दी गई है।

तहसील रीठी के अंतर्गत तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रे ट रीठी, थाना प्रभारी रीठी, जनपद पंचायत रीठीसीईओ, थाना बड़वारा के अंतर्गत तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बड़वारा, थाना प्रभारी बड़वारा, जनपद पंचायत बड़वारा सीईओ, थाना बरही के अंतर्गत तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बरही, थाना प्रभारी बरही, जनपद पंचायत सीईओ बड़वारा एवं मुख्या नगर पालिका अधिकारी बरही, थाना विजयराघवगढ़ एवं कैमोर के अंतर्गत तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट विगढ़, थाना प्रभारी विजयराघवगढ व कैमोर, जनपद पंचायत विगढ़ सीईओ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजयराघवगढ़ एवं कैमोर को शामिल किया गया है। थाना बहोरीबंद एवं बाकल के अंतर्गत तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बहोरीबंद, थाना प्रभारी बहोरीबंद व बाकल जांच करेंगे।

## कृषि एवं संबंद्ध विभागों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

# नियम विरूद्ध तरीके से उर्वरक वितरण पर विक्रेताओं के लाइसेंस करें निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



किसानों द्वारा नरवाई जलाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने और सामाजिक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्यन से अभिनव पहल करते हुये अब जिले में नरवाई जलाने वाले किसानों का नाम संबंधित ग्राम पंचायत भवन के सूचना पटल में चस्पा किया जाये। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश कृषि, पशुपालन, मछलीपालन, उद्यानिकी आदि कृषि के सहयोगी विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान दिये। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद थीं।

कलेक्टबर श्री तिवारी ने अधिकारियों को नरवाई प्रबंधन हेतु हैप्पी सीडर और सुपर सीडर की उपयोगिता से संबंधित जानकारी किसानों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने बैठक में निर्देशित किया कि उर्वरक का विक्रय ई-विकास पोर्टल एवं पीओएस मशीन के माध्यम से ही किया जाय और ऐसे उर्वरक विक्रेता जो इन निर्देशों का उल्लंकघन कर उर्वरक का विक्रय करते हैं, उनके लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही करें। उन्होंने सहायक आयुक्तव सहकारिता को निर्देशित किया कि समिति के सभी सदस्यों का पंजीयन ई-विकास पोर्टल पर करवाना सुनिश्चित करें। समितियों के उर्वरक स्टॉयक का सत्यारपन कर इसकी फीडिंग ई-विकास पोर्टल पर भी करवायें। उन्होंने कहा कि खरीदी केन्द्रों में उपार्जन हेतु आने वाले गेहूँकी साफ-सफाई के लिये सभी केन्द्रों में छन्ना लगवाना सुनिश्चित किया जाय।

कलेक्टकर श्री तिवारी ने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान सब्जील, मसाला, पुष्प व फलोद्यान से संबंधित चयनित क्ल स्टवर में किसानों की चौपाल लगाकर विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति करने और प्रधानमंत्री सूक्ष्मट खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लक्ष्यों की पूर्ति और योजना के प्रचार-प्रसार के सख्तू निर्देश दिए।

बैठक में सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला कटनी द्वारा विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त लक्ष्यों के विरूद्ध अर्जित उपलब्धियों की जानकरी प्रदाय की गयी।साथ ही श्री नायक द्वारा एकीकृत मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अनुसार उद्यंमी मॉडल अंतर्गत 90 हजार केज स्थापना, हितग्राही मूलक योजना द्वारा 10 हजार केज स्थापना के संबंध में आवेदनों के परीक्षण चयन हेतु समिति गठन करने, एवं उद्य मी मॉडल अंतर्गत नोडल अधिकारी नियुक्त करने के सम्बन्ध में भी आवगत कराया गया। साथ ही मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अंतर्गत जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में ग्राम पंचायतों में निर्मित समार्ट फिश पार्लरों के क्रियान्वयन हेतु विज्ञप्ति जारी कराने के सम्बन्ध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा निर्देशित किया गया।

जिले में दुग्ध कलेक्शन की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने दुग्ध समितियों को लक्ष्यानुसार दुग्ध का संकलन कराने के प्रयास करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को सेक्स सॉर्टेड सीमन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिए।

## खरमास का हुआ समापन, शुभ मांगलिक कार्यों के साथ बजने लगी शहनाईयाँ, सजने लगी बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शादियों की कतार मे लगे हुए लोगों को अब इंतजार की घड़िया समाप्त हो गईं है। 14 अप्रेल को सूर्य के राशि परिवर्तन के बाद से फिर शादियों का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार को खरमास का समापन हो गया। खरमास समाप्त होते ही विवाह, गृह प्रवेश, देव प्रतिष्ठा जैसे मांगलिक कार्य शुरू बुधवार से शुरु हो गये। अप्रेल मै कुल आठ, मई मे भी आठ, जून मे भी आठ ओर जुलाई मे कुल चार विवाह मुहूर्त है।

### चातुर्मास से फिर बंद होंगे विवाह

इसके बाद चातुर्मास में विवाहों पर ब्रेक एक बार फिर से लगेगा। मान्यता है कि जगत के पालनहार भगवान विष्णु चार माह पाताललोक में जाकर विश्राम करते हैं, इस समय को ही चातुर्मास कहा जाता है।साल 2026 में 25 जुलाई से 21 नवंबर 2026 तक चातुर्मास रहेगा।इन 4 महीनों में विवाह के मुहूर्त नहीं हैं। 20 नवंबर 2026 को देव उठनी एकादशी पर भगवान विष्णु चार माह की योग निद्रा से जागेंगे। इसके बाद फिर से शुभ मांगलिक कार्यों के साथ शादी -विवाह शुरू होंगे।

पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि अप्रैल के महीने में पहला मुहूर्त 15 अप्रैल था । उसके बाद 20,21,25,26,27,28,29अप्रैल को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।20 अप्रैल को अक्षय तृतीया का अबूझ मुहूर्त है। अक्षय तृतीया का दिन शादी विवाह के लिए सबसे शुभ मुहूर्त में से एक माना जाता है।

### खरमास मे नहीं होते शुभ कार्य

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया किखरमास के दिनों में ग्रहों की नकारात्मक ऊर्जा प्रभावशाली रहती है। इसलिए कोई भी शुभ कार्य इस वक्त संपन्न नहीं किया जाता है।सूर्य जब मीन राशि में या फिर धनु राशि में होते हैं तो उनकी ऊर्जा काफी कम होती है और ऐसा कहा जाता है कि शुभ कार्य के संपन्न होने के लिए सूर्य का तेजस्वी होना जरूरी होता है।सूर्य का 14 अप्रैल को उच्च राशि मेष में प्रवेश हुआ जिससे आदित्य योग बना और उनकी सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि हुई । इसलिए खरमास के बाद ही शुभ कार्य करना अच्छा माना जाता है।

## मौसम शुष्क होते ही 'हीट अटैक' शुरू, पड़ने लगे गर्म हवा के थपेड़े

# सूरज उगलने लगा आग 38 के पार हुआ तापमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर व क्षेत्र में गर्मी ने अचानक तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। गुरुवार को सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को परेशान किया, वहीं दोपहर होते-होते गर्म हवाओं ने स्थिति और अधिक गंभीर कर दी जिससे सड़कों पर आवाजाही कम नजर आई। तेज धूप और गर्म हवा के कारण लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकलें। बाजारों में दोपहर के समय सामान्य दिनों की अपेक्षा कम भीड़ देखी गई। दिहाड़ी मजदूरों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहिया वाहन चालकों ने सिर और चेहरे को कपड़े से ढककर यात्रा की। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आगामी चार दिनों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी सतर्कता बरतने की सलाह जारी की है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। अगर बाहर जाना जरूरी हो तो सिर को टोपी चश्मों अथवा गमछे से ढककर रखें, हल्के और ढीले कपड़े पहनें तथा पानी का सेवन अधिक करें।

गर्मी से बचाव के लिए दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। इसके अलावा नींबू पानी, छाछ, लस्सी और नारियल पानी जैसे तरल पदार्थ शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं। कैफीन और ज्यादा मीठे पेय पदार्थों से बचने की सलाह दी गई है।

### तेज गर्मी पड़ते ही हटा में खूब बिक रहे मिट्टी के घड़े

**हटा**। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ रही प्रचंड गर्मी के बदले मिजाज संग तालमेल बिठाने के लिए सेहत का ठीक होना जरूरी है। ऐसे में इस भीषण गर्मी में शरीर को ठंडक प्रदान करने के लिए मिट्टी के घड़े को पसंद किया जा रहा है। ऐसे में देसी फ्रिज यानी मिट्टी के घड़े और सुराही की मांग बाजार में खूब बढ़ गई है। गर्मी की तपिश से गला तर करने के लिए लोग मिट्टी के घड़े और सुराही की खरीदारी कर रहे हैं। इस वजह से घड़ा लोगों की पहली पसंद बन गया है। गर्मी के दिनों में काफी लोग फ्रिज का पानी पीने की बजाय मटके का पानी पीना ज्यादा पसंद करते है। घड़े में एक तो मिट्टी का सोंधापन होता है, दूसरे उसके पानी की तासीर अलग होती है।

### युवाओं की देसी फ्रीज में बढ़ रही रूचि-

मिट्टी से बने बर्तनों को खरीदने के लिए ज्यादातर युवाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। नगर में दमोह पन्ना रोड़ पर एसडीएम बंगले के सामने सड़क किनारे लकी मटके की दुकानों पर बड़े बुजुर्ग महिलाएं युवा वर्ग मिट्टी के घड़े खरीदते नजर आ रहे हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर हिंडोरिया के मेधावियों का नगर में भव्य स्वागत



**हिंडोरिया**। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और प्रबंध समिति द्वारा नगर में एक भव्य विजय रैली निकाली गई,डीजे की धुन और पुष्पवर्षा के साथ निकली रैली। विद्यालय परिसर से शुरू हुई यह रैली घोड़े की बघ्घी पर बैठे सभी प्रतिभावन भैया/बहिन नगर के प्रमुख मार्गों टिकुरिया मोहल्ला, ठकरास मोहल्ला, खैया मोहल्ला, खिरका मोहल्ला और मुख्य बाजार से होते हुए गुजरी। रैली में डीजे की धुन पर उत्साह का माहौल रहा। रैली में आचार्य, दीदी, भैया-बहिन, अभिभावक और प्रबंध समिति के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। जगह-जगह नगरवासियों ने मेधावी छात्र-छात्राओं का श्रीफल, फूल-माला और तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान राजगढ़ी में भी विशेष सम्मान एवं स्वागत हुआ। परीक्षा परिणाम के सितारे कक्षा 10 वीं के मेधावी शिवम पटेल 492/500 ,98.4% प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 8वीं रैंक ,ऋतु ठाकुर 97.4%, आदर्श सिंह लोधी 97.2% ,जितेन्द्र पटेल 96.8%, गजेंद्र चक्रवर्ती 95.6%,निखिल रजक 94%, पलक ताम्रकार 93.6%, प्रेम सिंह 92.2%,दिव्यांशी 90%, कक्षा 12वीं के मेधावी,स्वाति साहू (गणित संकाय) 90.4%, मानसी गर्ग 89%, प्रियांशी अठया 86.4% समिति और विद्यालय परिवार ने दी बधाई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धन समिति के पदाधिकारी रघुनंदन नेमा(अध्यक्ष) प्रदीप पोद्दार(सचिव) मोहन नामदेव (उपाध्यक्ष) किशोरी लाल चौरसिया (कोषाध्यक्ष) उपस्थित रहे।

## हैंड होल्ड एक्स-रे मशीन से हुई चेस्ट स्क्रीनिंग



**दमोह**। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन में एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश आठया डी टी ओ डॉक्टर गौरव जैन, बी एम ओ डॉक्टर डी के राय के मार्गदर्शन में जबेरा ब्लॉक के हाई रिस्क क्षेत्र ग्राम पंचायत गुबराकला में टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टी बी चेस्ट स्क्रीनिंग का कार्य किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत गुबरा कला के सरपंच भगवान दास यादव, उप सरपंच डोमन सिंह एवं पंच श्रीमती कृष्णा बाई, कमलेश कुमार, संतोष प्रसाद आदि सम्माननीय पंच सदस्यों एवं ग्राम पंचायत सचिव राज कुमार पटेल की उपस्थिति में टी बी मुक्त भारत अभियान, हंड्रेड डेज से संबंधित जानकारी डीपीसी दीपक सिंह राजपूत, पिरामल हेल्थ के दमोह हेड लॉरेंस रायबोले, टी बी चैंपियन के द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को AI टेक्नोलॉजी से लैस हैंड होल्ड एक्स-रे मशीन के द्वारा उपस्थित ग्राम वासियों के 64 चेस्ट एक्स रे एवं टी बी स्क्रीनिंग कर 21 शंकालु क्षय रोगियों के सैंपल भी लिए गए, जबेरा STS अनार सिंह, साइंस हाउस Sca देवेंद्र अहिरवार एवं दमोह NTEP से श्री मानक लाल रैकवार, आशा कार्यकर्ता ,आशा सुपरवाइजर,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं हेमंत यादव की उपस्थिति रही।

## बांसाकला स्कूल के छात्रों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**दमोह**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांसाकला के विद्यार्थियों ने इस वर्ष हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल परीक्षा में छात्र योगेश सिंह ठाकुर ने शानदार 97.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं में उमेश पटेल एवं प्रभा पटेल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। विद्यालय के लिए गौरव की बात यह रही कि इस वर्ष कुल 7 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर एक नई उपलब्धि स्थापित की है। इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रशांत एवं समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह परिणाम है, जो आने वाले वर्षों में और बेहतर उपलब्धियों की प्रेरणा देगा।

## पौड़ी मानगढ़ विद्यालय के हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में हुआ सुधार, प्राचार्य की मेहनत रंग लाई

**जबेरा**। जबेरा के नजदीकी शासकीय एकीकृत हाई स्कूल पोड़ी मानगढ़ में विद्यालय की वार्षिक परीक्षा परिणाम में इस वर्ष उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया जिसका संपूर्ण श्रेय विद्यालय के प्राचार्य श्री आर के शर्मा एवं विद्यालय परिवार के समर्पित प्रयासों तथा प्राचार्य के द्वारा प्रभावी शैक्षणिक वातावरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विगत दो वर्षों से जहां इस विद्यालय का परीक्षा परिणाम न्यून रहा है वही इस वर्ष विद्यालय का हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 74.28% पहुंच गया है ।परीक्षा परिणाम में हुई इस महत्वपूर्ण वृद्धि एवं उल्लेखनीय प्रगति का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य विद्यालय के शिक्षकों ,विद्यार्थियों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों को जाता है ।वही वरिष्ठ कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी महोदय जिला दमोह जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा एवं उनकी पूरी टीम ने जिस प्रकार से समय-समय पर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया है तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी जबेरा के द्वारा निरंतर विद्यालय का निरीक्षण परीक्षण एवं उनकी गाइड लाइन को भी जाता है। शिक्षकों के द्वारा भी विद्यार्थियों को लगातार मार्गदर्शन करते हुए विशेष ध्यान दिया गया है। नियमित कक्षाओं के साथ-साथ अतिरिक्त कक्षाएं पुनरावृति सत्र एवं व्यक्तिगत परामर्श की व्यवस्था की गई है ।विद्यार्थियों ने भी अनुशासन एवं परिश्रम का परिचय देते हुए इस सफलता को संभव बनाया है ।विद्यालय के प्राचार्य आरके शर्मा के अथक प्रयासों को भी इस सफलता में सहायक माना जा रहा है ।इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों की ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने में विद्यालय के परीक्षा प्रभारी ओंकार सिंह ठाकुर, कक्षा दसवीं की कक्षा शिक्षक श्रीमती गायत्री सैनी ,अंग्रेजी शिक्षक कुमारी दिव्या तिवारी, विज्ञान शिक्षक कुलदीप सिंह लोधी ,गणित शिक्षक मनोज अहिरवार, गायत्री मरावी ,सोबरन सिंह घोसी, माया यादव सहित समस्त विद्यालय परिवार को भी जाता है जिन्होंने निरंतर विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करके मार्गदर्शन किया। इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रेरणादायक और सांस्कृतिक मूल्यों से जागरूक किया गया जिससे उनमें सकारात्मक सोच आत्मविश्वास और राष्ट्र प्रेम की भावना का विकास हुआ, इस नवाचारी प्रयासों को विद्यार्थियों और अभिभावकों से भी सराहना मिली इस वर्ष के हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में विद्यालय की छात्र राहुल चौधरी ने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं विद्यालय की छात्रा कुमारी अनुप्रिया राय ने 85% अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तृतीय स्थान पर विद्यालय की छात्रा कुमारी सानिया मेहरा रही जिन्होंने 84% अंक प्राप्त किया इसी क्रम में विद्यालय की छात्रा खुशी ठाकुर 77% मनमोहन सिंह 76% एवं छात्र कृष्णा विश्वकर्मा ने 75% अंक प्राप्त किया विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय के प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं का आज विद्यालय में बड़े ही गौरव और गरिमा में रूप से फूलमाला पहनाकर तिलक वंदन कर मीठा खिलाकर पारितोषिक प्रदान कर सम्मान किया गया एवं निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बड़ने का संदेश विद्यालय परिवार की ओर से दिया गया। इसी तरह शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा के कक्षा दसवीं एवं 12वीं के परीक्षा फल में लगभग 30% की वृद्धि हुई है जिसका पूरा श्रेय विद्यालय के प्राचार्य जे एल प्रधान जी को जाता है जिनके कुशल मार्गदर्शन एवं अनुशासन के कारण ही परीक्षा फल में यह वृद्धि हुई है।



## मौसीपुरा के सुरेंद्र सिंह ने 85% अंक पाये

**बनवार**। "मेहनत कभी बेकार नहीं जाती"—इस कहावत को साकार कर दिखाया है ग्राम पंचायत मौसीपुरा के होनहार छात्र सुरेंद्र सिंह ने। कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुरेंद्र ने न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। सुरेंद्र सिंह, ग्राम के निवासी कमल सिंह लोधी (पूजा वाले) के छोटे पुत्र हैं और सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, बांदकपुर के छात्र हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि के बाद गांव में खुशी और गर्व का माहौल है।

## श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे पशुपालन मंत्री



**बटियागढ़** । श्री रसराज दास जी महाराज (अग्र-मलूक पीठाधीश्वर श्री राजेंद्रदास देवाचार्य जी महाराज के कृपा पात्र) के श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन (बटियागढ़) मुख्य रूप से भागवत महापुराण के महात्म्य, कथा सुनने के लाभ और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसी बीच मध्यप्रदेश शासन में राज्य मंत्री लखन पटेल का आगमन हुआ। महराज जी का श्रीफल और साल से मंत्री पटेल ने सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महराज जी ने मंत्री पटेल से गौमाता को राज्य माता घोषित करने की बात कही। वहीं तृतीय दिवस की कथा में कथा व्यास श्री रसराज दास जी महराज ने श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा के तृतीय दिवस में सृष्टि की उत्पत्ति (सृष्टि वर्णन) और भगवान श्रीकृष्ण की पटरानी रुक्मिणी के विवाह (रुक्मिणी हरण) का प्रसंग सुनाया। यह कथा भक्ति, प्रेम, और दिव्य मिलन का अद्भुत उदाहरण है। कथा में शुकदेव जी महाराज परीक्षित जी को बताते हैं कि कैसे भगवान नारायण की नाभि से ब्रह्मा जी प्रकट हुए और उन्होंने सृष्टि का विस्तार किया। राक्षस राज हिरण्याक्ष कश्यप महर्षि का पुत्र था, महराज जी ने कथा में सुनाया कि संध्या के समय भोजन, सोना, पढ़ाई और पुत्र प्राप्ति की कामना नहीं करानी चाहिए। क्योंकि भोजन से भय और सोने से बीमारी, एवं पढ़ने से भूलना तथा पुत्र की प्राप्ति संध्या के समय नहीं होती है। इस लिए ये चार कार्य संध्या के समय नहीं करना चाहिए। आज कथा के मध्य में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र व्यास और कांग्रेस के जिला सदस्य राव ब्रिजेन्द्र सिंह ने महराज जी का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा आयोजक डॉ कमलेश गोतम के द्वारा सभी कथा श्रवण करने वाले भक्तों को उत्तम व्यवस्था प्रदान की जा रही है। आज तृतीय दिवस की श्रीमद्भागवत कथा में सैकड़ों की संख्या में भक्तों की भीड़ रही।

## केंद्रों पर किसानों को फूलमाला पहनाकर शुरू हुई गेहूं खरीदी



**हटा**। प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं खरीदी की प्रक्रिया के तहत नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बनाए गए उपार्जन केंद्रों पर तुलाई कार्य का शुभारंभ विधिवत रूप से किया। गुरुवार को कांटा पूजन के साथ तुलाई प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं किसानों की विशेष उपस्थिति रही। नगर स्थित रनेह रोड पर रमपुरा वेयर हाउस एवं दमोह रोड़ पर प्रेमपुरा के समीप गंगाराम पटेल वेयर हाउस, एवं कृषि उपज मंडी परिसर जिन्हें उपार्जन केंद्र के रूप में चयनित किया गया है, वहां मंत्रोच्चार के बीच कांटा पूजन संपन्न हुआ। पूजन के पश्चात गेहूं की तुलाई कार्य का विधिवत श्रीगणेश किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। रसीलपुर समिति प्रबंधक प्रदीप दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि उपार्जन केंद्र प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों व प्रक्रिया के अनुसार ही किसानों की उपज की तौल की जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि तुलाई कराने आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, जिनमें सुचारु तुलाई, समयबद्ध कार्य और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जा रही है। शुभारंभ के दौरान खरीदी केंद्रों पर जिला भाजपा द्वारा नियुक्त किए गए प्रतिनिधियों में निगरानी समिति संयोजक कमल दुबे, राजवीर चौहान, अखिलेश, अनिल पाठक, सुरेंद्र सिंह एवं नरेंद्र उपाध्याय सहित किसानों की उपस्थिति रही।

### स्लाट बुक करने में आ रही परेशानी-

किसानों ने बताया कि 10 अप्रैल से खरीदी चालू होना थी, जो पांच दिन लेट शुरू हुई है उसमें भी बड़े किसानों को स्लॉट बुक करने में परेशानी आ रही हैं पोर्टल पर छोटे छोटे किसानों का स्लॉट बुक हो रहा है. ऐसे में किसानों को पैसे की आवश्यकता है और बाजार में गेहूं का भाव न्यूनतम है. समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के इंतजार में किसन आस लगाकर बैठा है किसानों ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि पोर्टल पर सभी आवेदन कर्ताओं का अधिक से अधिक स्लॉट बुक हो ताकि किसान अपनी गेहूं की फसल तुलवाकर बाजार से जरूरत का सामान खरीद सके एवं बैंक आदि की देनदारी समय पर जमा कर सके, शासन को इस और उचित कदम उठाने के लिए किसान अपने स्थानीय जनप्रतिनिधि से भी मांग कर रहे हैं।

## झलक तिवारी व मोनिका यादव रहीं अव्वल

**तेंदूखेड़ा**।15 अप्रैल को घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणामों में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। हाई स्कूल परीक्षा में झलक तिवारी पिता माधव तिवारी ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आशिया शाह पिता दिलावर शाह ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर रोशनी विश्वकर्मा पिता गुड्डा विश्वकर्मा एवं रागिनी रजक पिता परषोत्तम रजक संयुक्त रूप से रहीं, जिन्होंने 92.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा में भी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। मोनिका यादव पिता शैलेंद्र यादव ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का शैक्षणिक स्तर एक बार फिर उजागर हुआ है।विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहतर लाने में संस्था के परम लाल रैकवार प्राचार्य ,के एल चौकसे एकेडमिक प्रभारी ने प्रेरणा स्रोत का कार्य किया वही शैक्षणिक अमला चंद्रशेखर हजारी ,अरविंद यादव,राजेश जैन,सतीश खरे,गणेश प्रसाद अहिरवार,गणेश सिंह ठाकुर, जानकी नेमा,मनोरमा सूर्या,जुगल शर्मा,रजनी जैन,लक्ष्मी रैकवार, अभिलाषा शर्मा,श्री पाल यादव ,दीपक विद्रोल्या के कड़े परिश्रम का योगदान रहा । स्टाफ ने सभीसफल छात्राओं को शुभकामनाएं दी है ।

## संस्कार खरे ने प्राप्त किए 97.2% अंक

**तेंदूखेड़ा**। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में आरुष एकेडमी, तेंदूखेड़ा के मेधावी छात्र संस्कार खरे पुत्र संजय कुमार खरे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया है। संस्कार खरे की यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन तथा माता-पिता के आशीर्वाद का परिणाम है। उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि आरुष एकेडमी एवं पूरे तेंदूखेड़ा नगर में हर्ष और गर्व का वातावरण व्याप्त है।



## युवराज परिहार ने प्राप्त किये 96.6% अंक

**तेंदूखेड़ा**। ज्ञानदीप विद्या विहार के छात्र युवराज सिंह परिहार ने हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में से 483 अंक 96.6 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। युवराज, शिक्षक बृजराज सिंह परिहार के पुत्र हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से नगर में हर्ष का माहौल है। विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं नगरवासियों ने युवराज को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं तथा उनकी इस सफलता को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया है।



## बेलापुरवा के विद्यार्थियों ने किया अच्छा प्रदर्शन

**बटियागढ़**। बटियागढ़ तहसील अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलापुरवा के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 12 वीं में निधि कुर्मी ने 91.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सत्यम पटेल ने 81.6% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा दसवीं के परिणाम भी सराहनीय रहे जिसमें मनीष बंसल 77.4 %, दीक्षा काछी और गीता काछी ने 68.8% अंक प्राप्त किए। एवं अन्य विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। पीएलवी रूपेन्द्र सिंह लोधी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी एवं इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों और प्रबंधन को जाता है। पी.एम. श्री हाई स्कूल मंगोला के प्राचार्य श्री शैलेंद्र सिंह राजपूत, बेला पुरवा के प्राचार्य श्री के. के. पटेल, शिक्षक श्री संतोष कुमार गोस्वामी, इंग्लिश विषय के शिक्षक नोनेलाल साहू एवं जावेद पठान ने विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके कुशल नेतृत्व और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप यह सफलता संभव हो सकी लक्ष्य टीम दमोह एवं प्रांत प्रचारक रूपेन्द्र सिंह लोधी ने शिक्षकों के साथ मिलकर बच्चों को और उनके अभिभावकों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## कल्चुरी महासभा हटा द्वारा मेधावी छात्राओं का किया सम्मान

हटा। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम आने पर ग्राम पाजी से राय समाज की दो बेटियों द्वारा उत्कृष्ट अंक हासिल कर समाज को गौरवान्वित किए जाने पर कल्चर महासभा हटा द्वारा मेधावी छात्राओं का सम्मान किया गया। जहां ग्राम पांजी गुरुवार को हनुमान जी मंदिर में समाज द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां ज्वाला प्रसाद राय की बेटी मानसी राय ने शासकीय गौरीशंकर हाई स्कूल से कक्षा दसवीं की परीक्षा में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वही नरेंद्र राय की बेटी प्रिंसी राय ने मॉडल विद्यालय से कक्षा 12वीं की परीक्षा में 96.4% उनके हासिल करने पर ग्राम वास समाज के लोगों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत कर मिठाई खिलाकर बधाई शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुन्ना लाल पांडे, प्राण शंकर दुबे सुनील राय हटा रामकुमार राय हटा संदीप राय हटा नारायण साहू हटा सोनू चौरसिया हटा मुन्ना लाल राय हटा जगदीश विश्वकर्मा राजा पटेल माखन लाल राय जुगल प्रसाद राय संतोष राय ज्वाला राय भानु राय जयकांत राय हरेंद्र राय सौरभ राय जितेन्द्र राय की उपस्थिति रही।

## परिधि जैन ने 12वीं साइंस में किया टॉप



**बटियागढ़**। शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, बटियागढ़ की छात्रा परिधि जैन ने कक्षा 12वीं (साइंस ग्रुप) में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बटियागढ़ ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उत्कृष्ट सफलता से परिधि ने क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। परिधि जैन ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य अर्जुन पटेल, कक्षा शिक्षक के मार्गदर्शन एवं अपने माता-पिता के सहयोग को दिया है। उनके माता-पिता आटा चक्की का कार्य करते हैं और उन्होंने हमेशा परिधि को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि परिधि जैन ने कक्षा 10वीं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। उनकी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि उन्होंने 12वीं में भी यह उपलब्धि हासिल की। परिधि की इस सफलता पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है तथा लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नीलेश चक्रवर्ती का सुयश

**हिंडोरिया**। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की परीक्षा मे शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा के छात्र नीलेश चक्रवर्ती पिता लक्ष्मन चक्रवर्ती ने 500 में से 448 (89.6%) अंक हासिल कर अपने माता पिता, नगर पटेरा एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन किया ।



उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें प्राचार्य विवेक कुमार नेमा, सतवंत मरावी, सुदीप शुक्ला, अशोक शुक्ला, रामेश्वर तिवारी ने बधाई दी। इस उपलब्धि पर छात्र नीलेश कुमार चक्रवर्ती ने अपनी सफलता पर पूरा श्रेय अपने माता-पिता एवं सभी शिक्षक परिवार को दिया है।

## आजादी के बाद से चली आ रही मांग हुई पूरी



**जबेरा**। जबेरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत नोहटा के ग्राम सूड़ा में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने 73.88 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित रोड का लोकार्पण किया इसके अलावा ग्राम नोहटा में भी 20 लाख रुपये की लागत से निर्माण होने वाले खेरमाता मंदिर परिसर में बाउंड्रीवाल एवं चबूतरा सेट निर्माण। 14.90 लाख रुपये की लागत से निर्माण होने वाले बाउंड्री वॉल एवं सौंदर्यीकरण कार्य। 14.82 लाख रुपये की लागत से निर्माण होने वाली सी.सी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मंत्री लोधी ने कहा कि निश्चित ही इन सभी कार्यों के निर्माण से ग्राम वासियों विभिन्न सुविधाएं प्राप्त होगी। ग्राम के लोगों के द्वारा इस रोड की निरंतर की जा रही थी जिसको आज पूर्ण करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस ग्राम में लगभग 15 मकान बने हुए है एवं लगभग 62 मतदाता निवास करते हैं हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में इस छोटे से ग्राम को रोड की सौगात प्राप्त हुई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नोहटा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमन उपाध्याय सरपंच प्रतिनिधि संदीप यादव सचिव लाल सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह लोधी, उमराज सिंह लोधी, गनपत सिंह, उत्तम सिंह, परसोत्तम राय भूपेश गंधर्व घनश्याम सिंह कप्तान सिंह हेमराज सिंह अभिषेक राय उपयंत्री शिवा जी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

## प्रवीण्य सूची में संस्कार का रहा आठवां स्थान

**हटा**। नगर के शैक्षणिक संस्थानों ने सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। नगर के शासकीय मांडल विद्यालय हटा के छात्र संस्कार पटेल ने हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। साथ ही विद्यालय के 25 छात्र छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर नया इतिहास रच दिया। जहां 10 वी में 104 में से 92 प्रथम श्रेणी 03 द्वितीय श्रेणी एवं 9 छात्र अनुत्तीर्ण रहे। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 91.4% रहा। वहीं मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 99% रहा विद्यालय की छात्रा प्रिंसी राय ने सर्वाधिक 96.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही 9 छात्र छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया विद्यालय में दर्ज 74 में से 68 प्रथम श्रेणी 5 द्वितीय श्रेणी एवं 1 छात्र अनुत्तीर्ण रहा। इसी तरह कक्षा 12वीं में जिले की मेरिट सूची में प्रिंसी राय प्रथम स्थान पर रही एवं वेदिका दीक्षित ने गणित संकाय में तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही श्रुत सेन कक्षा 10 में साइंस ओलंपियाड में चयन होने पर अहमदाबाद विजिट हेतु राज्य स्तरीय लेबल दल के साथ जाना तय किया गया। एमएलबी की छात्रा ने मारी बाजी-नगर की मॉडल स्कूल के साथ पीएम श्री एमएलबी विद्यालय भी परीक्षा परिणाम में पीछे नहीं रहा जहां कक्षा 12वीं की छात्रा वैष्णवी प्रजापति पिता श्री घनश्याम प्रजापति आचार्य द्वारा 500 अंक 468 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।



# भीषण सड़क हादसाः अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

गुरुवार सुबह सिंग्रामपुर क्षेत्र के गुबरा–सिहोरा मार्ग पर सिंगपुर फॉरेस्ट बैरियर कटाव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीताबाई (पति बेडी लाल), बेडी लाल गोड़ और उनका पुत्र दशरथ गोड़, निवासी चरगवां कूड़ा थाना कटंगी, किसी निजी कार्य से मझौली से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि सीताबाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बेडी लाल गोड़ और दशरथ गोड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से मझौली अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के दौरान स्थानीय निवासी विवेक शाह ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों की मदद की और एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। प्रधान आरक्षक रणधीर मुंशी ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में सामने आया कि दोपहिया वाहन पर तीन लोग सवार थे। महिला सीताबाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेडी लाल गोड़ और उनका पुत्र दशरथ घायल अवस्था में अस्पताल भेजे गए हैं। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।



# पारिवारिक कलह ने कराया खूनी संघर्ष, सात घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा थाना अंतर्गत संग्रामपुर चौकी के ग्राम गुबरा के पास बुधवार की शाम एक झोपड़पट्टी में रहने वाले दो पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ संघर्ष में चाकू बाजी एवं कुल्हाड़ी चली। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस खूनी संघर्ष में कुल सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनमें से चार की हालत नाजुक बनी हुई है। जिन चार लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर के लिए रेफर कर दिया गया है बताया जाता है कि पूरा विवाद घर की बहू के भाग जाने से शुरू हुआ। गुबरा के पास झुग्गी झोपड़ी बना करके रह रहे परिवारों में इस बात को लेकर तनाव था परिजनों के साथ में ही रह रहे सदर पति संतोष पर ही परिवार के कुछ लोगों को शक था की बहू के भागने में उसकी ही कोई भूमिका है, शायद इसी संदेह ने विवाद का रूप ले लिया और यह विवाद इतना बढा की एक दूसरे के ऊपर चाकू एवं कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना के वक्त जबलपुर से मरीज को छोड़कर के दमोह लौट रही 108 एम्बुलेंस गाड़ी संख्या 13 10 की ई एमटी अरविंद चमन एवं पायलट राममूर्ति मिश्रा वहां से गुजर रहे थे उन्होंने तत्परता दिखाते हुए सभी सातों घायलों को जिनमें केलवर, सेलवा , सला वर ,संजय एवं सदर, पलस तरी शामिल है सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉक्टर डी के राय ने बताया कि घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है घायलों में से चार लोगों की हालत चिंताजनक होने के कारण उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया गया है जबकि तीन अन्य घायलों का इलाज जबेरा में ही जारी है। घटना की सूचना मिलते ही जबेरा पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची एवं घायलों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मेहनत, अनुशासन और संकल्प से ही सफलता संभवः कलेक्टर



## नवागत कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों ने टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया है, उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। कलेक्टर श्री यादव ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प को देते हुए कहा, यह उनकी सफलता की पहली सीढ़ी है। उन्होंने शिक्षकों के योगदान को भी सराहा और उन्हें सम्मानित किया, ताकि वे और अधिक उत्साह के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते रहें। उन्होंने कहा कि गुरु ही विद्यार्थियों को सही दिशा देते हैं और उनके मार्गदर्शन से छात्र-छात्राएं "लोहा से सोना" बनते हैं। ऐसे में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनका सम्मान समाज के लिए प्रेरणादायक है। कलेक्टर श्री यादव ने उन विद्यार्थियों को भी संदेश दिया जिनका प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। उन्होंने कहा कि असफलता को अंतिम पड़ाव न मानें, बल्कि इसे सफलता की सीढ़ी समझकर आगे बढ़ें। उन्होंने छात्रों को हतोत्साहित न होने और पूरे उत्साह के साथ पुनः प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कभी-कभी परिस्थितियों के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाते, लेकिन निरंतर प्रयास से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होने कहा कि सपने वही होते हैं जो हमें सोने नहीं देते। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और इच्छा शक्ति मजबूत हो, तो सफलता निश्चित है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यार्थी आगे भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ सफलता की नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे।

# यात्री बस पलटी, आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल



**दमोह**। गांव देहातों से लेकर शहरी क्षेत्र में गोचर भूमि पर कब्जे के चलते मवेशियों को बैठने का कोई ठिकाना नहीं बचा है ऐसे में उनका विचरण मुख्य मार्गों पर होने के साथ सड़कों पर बसेरा आए दिन हादसों की वजह बन रहा है। ऐसे ही कुछ हालातो के बीच दमोह कटनी रोड पर गुरुवार सुबह एक यात्री बस पलट कर दुर्घटना का शिकार हो गई। गनीमत रही हादसे मैं किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर से कटनी के बीच चलने वाली ओम साई राम ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक एमपी 15 सीए 6377 कुम्हारी थाना अंतर्गत घाट पिपरिया के आगे अनियंत्रित होकर सड़क से उतर कर पलट गई। हादसे में आधा दर्जन से अधिक यात्रियों की घायल होने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है सड़क पर बैठे मवेशियों को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई हालांकि इस दौरान बस की स्पीड कम होने की वजह से बस पलटने के बावजूद किसी प्रकार की जनहानि होने से टल गई। हालांकि हादसे मैं बस को काफी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी लगते कुम्हारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घायल यात्रियों के नाम बुद्धू सिंह, श्याम बाई, शिवांगी, मनीष, उमा अहिरवार नंदिनी, बंसल, वंदना, देशरानी, सुरेंद्र, कल्लू बाई, संतोष, अशोक बंसल आदि बताए गए हैं।

# कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

**दमोह**। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा 16 अप्रैल को प्रातः 10 बजे संयुक्त कार्यालय, कलेक्ट्रेट दमोह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में स्वच्छता एवं भवन की मरम्मत संबंधी कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाए गए अधिकारी/कर्मचारियों को कार्यालय में समय पर उपस्थित होकर पदीय कार्य संपादित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा उन्हें सचेत किया भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही कदापि स्वीकार्य नहीं होगी एवं कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# वृद्धजन सम्मान और सेवा के पात्र, किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं- कलेक्टर



**दमोह**। जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज अपना-घर (वृद्धाश्रम) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां रह रहे बुजुर्गों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, सुविधाओं और दैनिक जीवन की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री यादव ने कहा, वृद्धजनों की सेवा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी लोगों को बेहतर सुविधा, सम्मानजनक वातावरण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। निरीक्षण के दौरान अधिकांश बुजुर्गों ने अपनी संतुष्टि जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें यहां किसी प्रकार की परेशानी नहीं है और वे अच्छे वातावरण में रह रहे हैं। कलेक्टर श्री यादव ने इस पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि सभी खुश है, प्रशासन के लिए सकारात्मक संकेत है। कलेक्टर श्री यादव ने बुजुर्गों को आध्यात्मिक जीवन अपनाने और भगवान के भजन-पूजन में समय लगाने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य सार्थक होना चाहिए और इसके लिए सकारात्मक सोच और आपसी सहयोग जरूरी है। कुछ बुजुर्गों द्वारा आपसी मतभेद की बात सामने आने पर कलेक्टर ने उन्हें मिल-जुलकर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिकता और आपसी समझ से ही सुखद वातावरण बनता है, जिससे सभी को लाभ मिलता है, उन्होने आश्वासन दिया कि प्रशासन वृद्धजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण जारी रहेंगे। एक वृद्धजन ने पारिवारिक प्रापर्टी विवाद की जानकारी देने पर एसडीएम सौरभ गंधर्व को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। अपने इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री यादव वृद्धजनों के कमरो में गये उनसे मिले और उनका आर्शीवाद लिया।

# 3 मई को होगा ब्राम्हण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार

**दमोह**। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पूर्व शिक्षा विभाग परिसर जनपद के पास दमोह में बैठक आयोजित की गई बैठक में सभी विद्वानों द्वारा निर्णय लिया गया कि विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी उपनयन संस्कार पुजारी पुरोहित संघ द्वारा पुनः किया जावे। जो कि आगामी दिनांक 3 मई रविवार को निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार होगा। बैठक में पुजारी पुरोहित संघ जिला अध्यक्ष पंडित अजय गर्ग, पंडित कमलेश तिवारी, विकाश पांडे, पंडित राजेश पाठक, पंडित नर्मदा प्रसाद गर्ग, पंडित राम अवतार तिवारी, पंडित महेंद गर्ग, पंडित गोविंद प्रसाद दुबे, पंडित ओम प्रकाश पाठक, पंडित देवेंद्र दुबे, आशीष कृष्ण शास्त्री, कृष्णकांत गौतम, सुनील दुबे, जुगल तिवारी, राम गोपाल दादोरिया, ठाकुर दास जी, कमलेश मिश्रा, सुशील बडगैया, अमित समदरिया, विनोद पांडे, जागेश्वर तिवारी, दीपक त्रिवेदी, नरेंद्र भारद्वाज, राधे पाठक, की उपस्थिति रही।

# भगवान नमीनाथ का मोक्ष कल्याणक एवं आचार्य समय सागर जी का पदारोहण दिवस मनाया



**दमोह**। आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री पदम सागर एवं छुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हें मंदिर जी में विराजमान है। मुनि संघ के सानिध्य में प्रतिदिन विविध धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को भगवान श्री नमीनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का पदारोहण दिवस भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुनि श्री पदम सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन का लाभ ही सभी को प्राप्त हुआ। प्रातः बेला में श्रीजी के अभिषेक पश्चात मुनिश्री के मुखारविंद से बृहद शांति धारा संपन्न हुई। तत्पश्चात देव शास्त्र गुरु पूजन तथा भगवान नमीनाथ की पूजन करते हुए निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। उसके बाद भक्ति भाव के साथ आचार्य श्री समय सागर जी की पूजा करके आचार्य पदारोहण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुनि श्री पदम सागर जी महाराज ने आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं समय सागर जी से जुड़े अनेक संस्मरण सुनाते हुए कहा कि दोनों का जन्म एक ही दिन हुआ दोनों के भाई-बहन माता-पिता एक थे दोनों एक दूसरे की प्रतिकृति समान थे। मुनि श्री ने धर्म के मर्म को समझाते अनेक उदाहरण दिए। ऐसा अवसर पर ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया मोनू भैया, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नवीन निराला महामंत्री राजकुमार रानू, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र बजाज सहित अन्य पदाधिकारी मंदिर के आसामियों की उपस्थिति रही। मुनि श्री के सानिध्य में 19 अप्रैल को श्री भक्तांबर महामंडल विधान का आयोजन जैन मिलन के द्वारा किया जा रहा है। जिसका संयोजक संजय सराफ एवं सहसंयोजक शैलेंद्र मयूर को बनाया गया है।

## मुनि श्री पदम सागर का का दीक्षा दिवस 22 एवं 23 अप्रैल को मनाया जाएगा

श्री दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में विराजमान मुनि श्री पदम सागर जी महाराज का मुनि दीक्षा दिवस 22 एवं 23 अप्रैल को समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः बेला में श्री जी के अभिषेक पूजन शांति धारा उपरांत आचार्य श्री पूजन संपन्न होगी। तत्पश्चात मुनि संघ के सानिध्य में सकल जैन समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर मंदिर की में अभी से तैयारी शुरू हो गई है।

# जर्जर केबल से निकली चिंगारी बनी आफत, 10 एकड़ नरवाई जली, गांव तक पहुंची आग से मची दहशत



**बनवार**। हर्रई विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीजाडोगरी में सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब 100 एचपी ट्रांसफार्मर की जर्जर केबल से निकली चिंगारी ने भीषण आग का रूप ले लिया। आग ने देखते ही देखते करीब 10 एकड़ क्षेत्र की नरवाई को अपनी चपेट में ले लिया और बस्ती तक पहुंचते-पहुंचते गांव में अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सुबह करीब 11 बजे ट्रांसफार्मर से जुड़े ढीले और लटकते केबल से अचानक चिंगारी निकली। तेज गर्मी और हवाओं के चलते आग तेजी से फैलती गई और कुछ ही देर में आसपास का बड़ा क्षेत्र इसकी चपेट में आ गया। आग की लपटें जब बस्ती के नजदीक पहुंचीं तो ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीण सिगपाल सिंह लोधी ने बताया कि आग ट्रांसफार्मर से करीब दो खंभे आगे शुरू हुई थी, लेकिन कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया। वहीं गोली अहिबार ने बताया कि ट्रांसफार्मर गांव से लगभग आठ खंभे दूर स्थित है, लेकिन उसकी केबल बेहद जर्जर हालत में जमीन से महज दो फीट ऊपर लटक रही है, जिससे आए दिन चिंगारी निकलती रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या की कई बार शिकायत विद्युत विभाग से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गर्मी के मौसम में यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। घंटों की मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका और बस्ती को सुरक्षित बचा लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग बस्ती की सीमा तक पहुंच चुकी थी। बताया जा रहा है कि विजयपुरा मोहल्ला और बीजाडोगरी के बीच स्थित यह ट्रांसफार्मर लंबे समय से खतरे का कारण बना हुआ है और इसकी जर्जर केबल किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर सकती है। जिम्मेदारों का पक्षःविद्युत विभाग के जेई शिवदयाल ने बताया कि वे फिलहाल बैठक में हैं। केबल उपलब्ध होते ही जर्जर केबल को बदलने की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों की मांगः ग्रामीणों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द केबल बदलकर स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# आचार्य विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केन्द्र की कार्यकारिणी ने ली शपथ

## शांति वाहन भेंट एवं रक्तदान शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर स्थित आचार्य विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केन्द्र, में हाल ही में संपन्न हुए निर्वाचन में सर्वसम्मति से संजय कुमार जैन पारसमणी को अध्यक्ष चुना गया। उनके नेतृत्व में संस्था के सुचारु संचालन एवं सेवा गतिविधियों के विस्तार हेतु नवगठित कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर गोशाला के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवगठित कार्यकारिणी में विवेक कुमार चौधरी एवं संदीप कुमार मोदी को उपाध्यक्ष, अमरचंद जैन को महामंत्री, कुलदीप मोदी को कोषाध्यक्ष, विनोद कुमार जैन को मंत्री तथा ज्योति विवेक कुमार जैन को सहमंत्री के रूप में मनोनीत किया गया।

इसके अतिरिक्त सतेन्द्र कुमार जैन को शिक्षक सचिव, रविन्द्र कुमार सिंघई को सह सचिव, विकास कुमार पांडे को प्रचार मंत्री, राहुल कुमार जैन को सह कोषाध्यक्ष, राजकुमार जैन सांगा को सह प्रचार मंत्री तथा प्रकाशचंद जैन (दमोह) को विधि सलाहकार नियुक्त किया गया। वहीं स्वाति आनंद सिंघई, ज्योति अनिल नायक एवं शरद गोयल को विशिष्ट सदस्य के रूप में शामिल किया गया। नवनिर्मित गौशाला समिति का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को संतों के सानिध्य में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जगतगुरु स्वामी राघव देवाचार्य जी महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीत गौरव पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेशचंद्र जैन, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, निर्मल मोदी एवं अरविंद मोदी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सेवा को और सशक्त बनाते हुए बाबूलाल मोदी चैरिटेबल ट्रस्ट, भोपाल–तेंदूखेड़ा द्वारा एक "शांति वाहन" भी प्रदान किया गया। इस सेवा वाहन का उद्देश्य क्षेत्र में अंतिम संस्कार एवं आपातकालीन परिस्थितियों में जनसुविधा उपलब्ध कराना तथा सेवा कार्यों को गति देना है। उपस्थित अतिथियों एवं संतों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अपने उद्बोधन में संतों ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के प्रयासों को स्मरण करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में दयोदय महासंघ का निर्माण हुआ, जिसके अंतर्गत गौसेवा के उद्देश्य से कई गौशालाओं की स्थापना की गई। इनमें आचार्य विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केन्द्र, तेंदूखेड़ा, प्रमुख एवं सबसे बड़ी गौशाला है।

महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद जी महाराज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की आवश्यकता पर विचार करने के बजाय उसे संपूर्ण सम्मान एवं संरक्षण देना अधिक आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सात व्यक्तियों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर चिकित्सक डॉ. अशोक बारोनिया एवं उनकी पत्नी सीमा बारोनिया ने भी रक्तदान कर समाज के प्रति प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन गौसेवा एवं सामाजिक सेवा के संकल्प के साथ किया गया। नई कार्यकारिणी ने संस्था के विकास एवं सेवा कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने का आश्वासन दिया।

# उत्कृष्ट परिणाम पर विद्यार्थियों का सम्मान



**सिंग्रामपुर**। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद सिंग्रामपुर स्थित रानी दुर्गावती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों का भी फूल-माला एवं गुलदस्ते देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। समारोह की अध्यक्षता मुलायम चंद जैन, भाई साहब पटेल, अजय राय, अजय सोनकर, गोलू साहू एवं विद्यालय के प्राचार्य केशव प्रसाद मेहरा द्वारा की गई। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्र अभिषेक चक्रवर्ती, रूबी विश्वकर्मा एवं प्रतिभा मेहरा तथा कक्षा 10वीं के सानिया खान, अनुकल्प चक्रवर्ती एवं विकास चौधरी को शील्ड व गुलदस्ते देकर सम्मानित किया गया। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। समारोह में वक्ताओं ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुलायम चंद जैन एवं भाई साहब पटेल ने कहा कि छात्रों ने ग्राम और नगर का नाम गौरवान्वित किया है और आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहें। अजय राय एवं गोलू साहू ने कहा कि ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्र से आने वाले बच्चों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जो सराहनीय है। इस दौरान गोलू साहू ने छात्र विकास चौधरी को प्रोत्साहन स्वरूप 2100 रुपये देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य केशव प्रसाद मेहरा ने बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉप 6 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है तथा 12वीं के 15 छात्र-छात्राओं को लैपटॉप भी प्रदान किए जाएंगे। अंत में उन्होंने समस्त स्टाफ एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।